
# चम्पारण ज्ञानाग्रह


**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 07 मार्च 2026, अंक –231.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"सफलता सोच से नहीं, तैयारी से मिलती है।"
— एडिसन



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Saturday Prayer

बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे,
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे।

वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की,
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे।

मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक,
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे।

इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ,
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे।

आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम,
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे।

दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार,
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे।

जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय
बिहार...!

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।


संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।




# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32


# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: काठमांडू
प्रश्न 2: भारत की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कौन थीं?
उत्तर: कल्पना चावला
प्रश्न 3: 'लावणी' किस राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य है?
उत्तर: महाराष्ट्र
प्रश्न 4: एक त्रिभुज (Triangle) में कितनी भुजाएँ और कितने कोण होते हैं?
उत्तर: 3 भुजाएँ और 3 कोण
प्रश्न 5: बगहा किस नदी के तट पर स्थित है?
उत्तर: गंडक नदी
प्रश्न 6: भारत का राष्ट्रीय वृक्ष कौन सा है?
उत्तर: बरगद (Banyan Tree)
प्रश्न 7: 'बल्ब' (Electric Bulb) का आविष्कार किसने किया था?
उत्तर: थॉमस अल्वा एडिसन
प्रश्न 8: भारत में कुल कितने केंद्र शासित प्रदेश (Union Territories) हैं?
उत्तर: 8
प्रश्न 9: 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द बताएं।
उत्तर: सूर्य का पर्यायवाची: रवि, भास्कर
प्रश्न 10: बिहार के नये राज्यपाल कौन हैं?
उत्तर : लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

Lead (लीड) – नेतृत्व करना / आगे ले जाना
Led (लेड) – नेतृत्व किया / आगे ले गया
Led (लेड) – नेतृत्व किया गया

Lend (लेंड) – उधार देना
Lent (लेंट) – उधार दिया
Lent (लेंट) – उधार दिया गया

Lose (लूज़) – खोना / हारना
Lost (लॉस्ट) – खोया / हारा
Lost (लॉस्ट) – खोया गया


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

थीम: Feelings (भावनाएँ)

मैं खुश हूँ। – I am happy.
मैं दुखी हूँ। – I am sad.
मुझे डर लग रहा है। – I am afraid.
मैं बहुत उत्साहित हूँ। – I am very excited.


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 07 मार्च को औषधि के महत्व को रेखांकित करने वाला कौन सा दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: जन औषधि दिवस
व्याख्या: प्रतिवर्ष 7 मार्च को 'जन औषधि दिवस' मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाना है। यह दिवस यह संदेश देता है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा हर नागरिक का अधिकार है, चाहे वह अमीर हो या गरीब।
संदर्भ: Ministry of Chemicals and Fertilizers, India (2026).

2. हाल ही में 'बिहार स्टार्टअप नीति 2026' के तहत युवाओं को मिलने वाली सहायता राशि कितनी बढ़ाई गई है? (समसामयिकी)
उत्तर: 15 लाख रुपये
व्याख्या: बिहार सरकार ने मार्च 2026 में अपनी नई स्टार्टअप नीति के तहत सीड फंड (Seed Fund) को बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया है। इसका उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली छात्रों को स्वरोजगार और नवाचार (Innovation) के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि वे उद्यमी बन सकें।
संदर्भ: Department of Industries, Bihar (Feb-March 2026).

3. "द डिस्कवरी ऑफ इंडिया" (भारत की खोज) पुस्तक के लेखक कौन हैं? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: जवाहरलाल नेहरू
व्याख्या: यह कालजयी पुस्तक भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1944 में अहमदनगर किले की जेल में लिखी थी। इसमें भारत के प्राचीन गौरव से लेकर आधुनिक संघर्ष तक का विस्तृत विश्लेषण है। यह भारतीय इतिहास और संस्कृति को समझने का सबसे प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है।
संदर्भ: NCERT Class 8 History (Our Pasts-III), Ch 9 (National Movement), p. 110.

4. पृथ्वी का 'फेफड़ा' (Lungs of the Earth) किस वन क्षेत्र को कहा जाता है? (पर्यावरण)
उत्तर: अमेज़न वर्षावन
व्याख्या: दक्षिण अमेरिका के अमेज़न वर्षावन विश्व की लगभग 20% ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं, इसलिए इन्हें पृथ्वी का फेफड़ा कहा जाता है। ये वन ग्लोबल वॉर्मिंग को कम करने और कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका संरक्षण जलवायु संतुलन के लिए अनिवार्य है।
संदर्भ: NCERT Class 7 Geography, Ch 6 (Natural Vegetation & Wildlife), p. 43.

5. 'हर्यक वंश' का वह कौन सा शासक था जिसने 'पाटलिपुत्र' की नींव रखी थी? (इतिहास)
उत्तर: उदयन
व्याख्या: अजातशत्रु के पुत्र उदयन ने गंगा और सोन नदियों के संगम पर 'पाटलिपुत्र' (वर्तमान पटना) शहर की स्थापना की थी और इसे मगध की राजधानी बनाया। सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से यह स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण था, जिसने मगध के उत्कर्ष में बड़ी भूमिका निभाई।
संदर्भ: NCERT Class 6 History (Our Pasts-I), Ch 5 (Kingdoms & Kings), p. 49.

# "सामान्य-ज्ञान"

6. 'पाक जलडमरूमध्य' (Palk Strait) किन दो देशों को अलग करता है? (भूगोल)
उत्तर: भारत और श्रीलंका
व्याख्या: पाक जलडमरूमध्य भारत के तमिलनाडु राज्य और श्रीलंका के मन्नार जिले के बीच स्थित एक जलसंधि है। यह बंगाल की खाड़ी को पाक खाड़ी से जोड़ता है। भौगोलिक रूप से यह दक्षिण एशिया के दो पड़ोसी देशों की सीमा निर्धारित करने वाला एक महत्वपूर्ण जल क्षेत्र है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 1 (India – Size and Location), p. 5.

7. भारतीय संविधान में 'शिक्षा' को किस सूची (List) के अंतर्गत रखा गया है? (संविधान)
उत्तर: समवर्ती सूची (Concurrent List)
व्याख्या: 42वें संविधान संशोधन (1976) के माध्यम से शिक्षा को राज्य सूची से हटाकर समवर्ती सूची में डाल दिया गया। इसका अर्थ है कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारें शिक्षा पर कानून बना सकती हैं। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के क्रियान्वयन में समन्वय सुनिश्चित करता है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Pol. Science, Ch 7 (Federalism), p. 165.

8. किस विटामिन की कमी के कारण 'रतौंधी' (Night Blindness) रोग होता है? (विज्ञान)
उत्तर: विटामिन A
व्याख्या: विटामिन A (रेटिनॉल) की कमी से आँखों की रोशनी कम हो जाती है, जिसे रतौंधी कहते हैं। गाजर, पपीता और हरी पत्तेदार सब्जियाँ विटामिन A के मुख्य स्रोत हैं। विज्ञान में संतुलित आहार और पोषण के अध्ययन के लिए यह एक महत्वपूर्ण जानकारी है।
संदर्भ: NCERT Class 6 Science, Ch 2 (Components of Food), p. 16.

9. 'छठ पूजा' मुख्य रूप से किस देवता को समर्पित त्योहार है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: सूर्य देव
व्याख्या: छठ पूजा बिहार का सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव है, जिसमें 'भगवान भास्कर' (सूर्य) और 'छठी मैया' की उपासना की जाती है। यह त्योहार स्वच्छता, सादगी और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है, जिसे अब वैश्विक पहचान मिल चुकी है।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9 (Regional Cultures), p. 129; Bihar Cultural Heritage.

10. बिहार का सबसे शिक्षित जिला (साक्षरता दर में प्रथम) कौन सा है? (बिहार GK)
उत्तर: रोहतास
व्याख्या: जनगणना और नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, रोहतास बिहार का सबसे अधिक साक्षरता दर वाला जिला है। शिक्षा के प्रति यहाँ की जागरूकता और आधारभूत संरचना इसे राज्य में अग्रणी बनाती है। यह बिहार की प्रगतिशील छवि और शैक्षणिक सुधारों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।
संदर्भ: Bihar Economic Survey; SCERT Bihar Class 10 Geography.

# "सामान्य-ज्ञान"

11. विद्यालय में अगलगी की स्थिति में "फायर एक्सटिंग्विशर" (आग बुझाने वाला यंत्र) का उपयोग कैसे किया जाता है? (विद्यालय सुरक्षा मार्च W1)
व्याख्या: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के 'सुरक्षित शनिवार' के अंतर्गत मार्च माह के प्रथम सप्ताह में अगलगी से बचाव एवं आग बुझाने के उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया जाता है। फायर एक्सटिंग्विशर छोटी आग को बुझाने में अत्यंत प्रभावी होता है, बशर्ते इसका सही तरीके से उपयोग किया जाए:
1. P (Pull): सबसे पहले सुरक्षा पिन (safety pin) को खींचकर बाहर निकालें।

12. एक निश्चित कूट भाषा में, यदि 'FIRE' को 'HKTG' लिखा जाता है, तो उसी कूट में 'WATER' को क्या लिखा जाएगा? (मानसिक योग्यता - कोडिंग-डिकोडिंग)
उत्तर: YCVGT
व्याख्या: यहाँ प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला में दो स्थान आगे वाले अक्षर से बदला गया है। . F (6) → H (8), .I (9) → K (11), .R (18) → T (20) · E (5) → G (7), इसी नियम (+2) के अनुसार WATER:, W (23) → Y (25), A (1) → C (3), T (20) → V (22), E। (5) → G (7), R (18) → T (20)। अत: WATER का कूट YCVGT होगा।
संदर्भ: प्रतियोगी परीक्षा रीजनिंग (आर.एस. अग्रवाल)।

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण।



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Ample (एम्पल) = Sufficient (सफिशिएंट) = पर्याप्त
Antonym – Insufficient (इनसफिशिएंट) = अपर्याप्त
Diligent (डिलिजेंट) = Hardworking (हार्डवर्किंग) = परिश्रमी
Antonym – Lazy (लेज़ी) = आलसी
Hinder (हिन्डर) = Obstruct (ऑब्स्ट्रक्ट) = बाधा डालना
Antonym – Assist (असिस्ट) = सहायता करना
Perish (पेरिश) = Die (डाई) = नष्ट हो जाना / मर जाना
Antonym – Survive (सरवाइव) = जीवित रहना
Reluctant (रिलक्टन्ट) = Unwilling (अनविलिंग) = अनिच्छुक
Antonym – Willing (विलिंग) = इच्छुक



~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

India defeats England by 7 runs in thrilling T20 World Cup 2026 2nd Semi-Final at Wankhede Stadium; Sanju Samson’s 89 and Axar Patel’s flying catch key moments as India reaches final for record 4th time.
भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 7 रनों से हराया; संजू सैमसन का 89 और अक्षर पटेल का उड़ता कैच निर्णायक, भारत रिकॉर्ड चौथी बार फाइनल में।

Lt Gen (Retd) Syed Ata Hasnain appointed new Governor of Bihar by President Droupadi Murmu; replaces Arif Mohammed Khan amid major gubernatorial reshuffle.
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किया; अरिफ मोहम्मद खान की जगह, बड़े गवर्नर बदलाव में।

PM Modi reiterates 'no issue resolved through military conflict' amid Iran war; India denies assisting US in sinking Iranian vessel near Sri Lanka, monitors West Asia situation closely.
पीएम मोदी ने ईरान युद्ध के बीच 'कोई मुद्दा सैन्य संघर्ष से हल नहीं होता' दोहराया; भारत ने श्रीलंका तट पर ईरानी जहाज डुबोने में अमेरिका की मदद से इनकार किया, पश्चिम एशिया स्थिति पर नजर।

## INTERNATIONAL NEWS

US-Israel war with Iran enters 7th day: B-2 bombers strike Iranian ballistic missile sites, reducing attacks by 90%; Iranian drone carrier ship burning after US hit, oil prices surge.
अमेरिका-इज़राइल-ईरान युद्ध 7वें दिन में: B-2 बॉम्बर्स ने ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल साइट्स पर हमला, हमले 90% कम; अमेरिकी हमले से ईरानी ड्रोन कैरियर जहाज जल रहा, तेल कीमतें बढ़ीं।

Iran launches cluster bombs and missile waves on Israel, Gulf allies; US Central Command reports major degradation of Iranian capabilities, Trump hints at role in choosing next Iranian leader.
ईरान ने इज़राइल और खाड़ी सहयोगियों पर क्लस्टर बम और मिसाइल लहरें चलाईं; अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरानी क्षमताओं में बड़ी गिरावट की रिपोर्ट, ट्रंप ने अगले ईरानी नेता चुनने में भूमिका का संकेत।

UAE intercepts over 1,000 drones since war start; Britain sends additional Typhoon jets to Qatar, global energy infrastructure under threat as conflict widens.
युद्ध शुरू होने से UAE ने 1,000+ ड्रोनों को रोका; ब्रिटेन ने कतर में अतिरिक्त टाइफून जेट भेजे, संघर्ष फैलने से वैश्विक ऊर्जा ढांचा खतरे में।

## BIHAR NEWS

**Bihar CM Nitish Kumar files nomination for Rajya Sabha polls, assures full cooperation to new government; says 'desire in heart' to join Upper House after two decades as CM.**
**बिहार सीएम नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया, नई सरकार को पूर्ण सहयोग का आश्वासन; दो दशक सीएम रहने के बाद ऊपरी सदन में 'दिल में इच्छा' बताई।**

**JD(U) workers protest Nitish Kumar's Rajya Sabha move, emotional scenes as veteran supporter breaks down over 'betrayal'; BJP likely to get Bihar CM post after April 10.**
**JD(U) कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार के राज्यसभा कदम पर विरोध प्रदर्शन, वरिष्ठ समर्थक 'धोखा' पर भावुक; अप्रैल 10 के बाद भाजपा को बिहार सीएम पद मिलने की संभावना।**

## SPORTS NEWS

**T20 World Cup 2026: India to face New Zealand in final on March 8 at Narendra Modi Stadium, Ahmedabad; India unbeaten run continues after dramatic 7-run win over England.**
**टी20 विश्व कप 2026: भारत 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड से फाइनल में भिड़ेगा; इंग्लैंड पर नाटकीय 7 रनों की जीत के बाद भारत अपराजित।**

**ICC Men's T20 World Cup 2026: New Zealand awaits in final after earlier 9-wicket semi-final win over South Africa; key focus on India's batting depth and bowling attack.**
**आईसीसी मेन्स टी20 विश्व कप 2026: न्यूजीलैंड फाइनल में इंतजार कर रहा, पहले सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका पर 9 विकेट जीत; भारत की बल्लेबाजी गहराई और गेंदबाजी पर फोकस।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**


प्रेरक बाल एकांकी

# "सावधानी ही सुरक्षा"

## (अगलगी से खतरे एवं बिजली के घात से बचाव: सुरक्षित शनिवार विशेष)

पात्र: शिक्षक, रवि, सीमा, मोहित, अंजलि
दृश्य – विद्यालय का कक्षा कक्ष
(बच्चे कक्षा में बैठे हैं। शिक्षक सुरक्षित शनिवार के विषय पर चर्चा शुरू करते हैं।)

शिक्षक: बच्चों, आज सुरक्षित शनिवार है। आज हम एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बात करेंगे—आग लगने के खतरे और बिजली से बचाव। बताओ, क्या तुम जानते हो कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना बन सकती है?
रवि: सर, मैंने सुना है कि कभी-कभी लोग गैस जलती छोड़ देते हैं और उससे आग लग जाती है।
सीमा: और सर, कई बार घरों में टूटे या खुले बिजली के तार भी खतरनाक होते हैं।
शिक्षक: बिल्कुल सही। आग और बिजली दोनों हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं, लेकिन अगर हम सावधानी न रखें तो ये बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।
मोहित: सर, हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?
शिक्षक: कुछ आसान नियम याद रखो—
पहला, माचिस या आग से कभी खेलना नहीं चाहिए।
दूसरा, गीले हाथों से बिजली के स्विच या तार नहीं छूने चाहिए।
तीसरा, यदि कहीं आग लग जाए तो तुरंत बड़ों को सूचना देनी चाहिए और सुरक्षित स्थान पर जाना चाहिए।
अंजलि: सर, अगर बिजली का तार टूटा हुआ दिखे तो क्या करना चाहिए?
शिक्षक: बहुत अच्छा प्रश्न। ऐसे तारों को कभी छूना नहीं चाहिए। तुरंत बड़े लोगों या बिजली विभाग को सूचना देनी चाहिए।
रवि: सर, अब हमें समझ आ गया कि थोड़ी-सी सावधानी से बड़े हादसे रोके जा सकते हैं।
शिक्षक: बिल्कुल बच्चों। याद रखो—सुरक्षा के नियम जानना और उनका पालन करना ही समझदारी है।
सभी बच्चे (एक साथ):
हम प्रतिज्ञा करते हैं कि आग और बिजली का उपयोग हमेशा सावधानी से करेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करेंगे।
🌟 संदेश:
सावधानी और जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।
छोटी सतर्कता बड़े हादसों को रोक सकती है। 🔥⚡



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## "वार्षिक मूल्यांकन हेतु छात्रों को कैसे तैयार करें ?"

बिहार के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लिए वार्षिक मूल्यांकन की तिथि का निर्धारण एस सी ई आर टी बिहार, पटना द्वारा किया जा चुका है तथा सत्र 2025-26 के लिए 12 मार्च 2026 से मूल्यांकन कार्य आरंभ है। उक्त मूल्यांकन में छात्रों को अच्छी तैयारी कराने के लिए हम शिक्षकों को कुछ व्यवस्थित कदम अपनाने की आवश्यकता है ताकि छात्रों का परिणाम भी अच्छा हो और उनके सीखने का वास्तविक परिणाम प्राप्त हो।

सबसे पहले छात्रों और शिक्षकों को मूल्यांकन से संबंधित पाठ्यक्रम की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए पूरे साल के पाठ्यक्रम को देखना होगा फिर यह तय करना होगा कि वार्षिक परीक्षा में कौन-कौन से अध्याय से प्रश्न आएंगे। शिक्षक को छात्रों से महत्वपूर्ण बिंदुओं और कठिन अवधारणाओं की सूची बनवा लेना चाहिए। पाठ्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण अध्यायों की पुनरावृत्ति इस सप्ताह में कर लेनी चाहिए। सभी विषयों में महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर को पुनः रिविजन कराते हुए तैयार करा लेना चाहिए। आवश्यकतानुसार छोटे-छोटे नोट्स बनवाना चाहिए। शिक्षक को श्याम पट पर महत्वपूर्ण अध्यायों का संक्षिप्त सार लिखकर छात्रों को समझाना चाहिए ताकि छात्रों की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके। हो सके तो शिक्षक को मॉडल प्रश्नपत्र बनाकर छात्रों से अभ्यास कराना चाहिए। संभव हो तो विगत वर्ष के प्रश्नपत्र या मॉडल पेपर से अभ्यास कराना चाहिए। इसमें मूल्यांकन हस्तक एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। छात्रों को समय सीमा में प्रश्न हल करने का अभ्यास कराना चाहिए ताकि उनके अंदर वार्षिक मूल्यांकन का भय न रहे। कमजोर बच्चों के लिए अलग से उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। जो छात्र पढ़ाई में कमजोर हैं, उनके लिए अलग से अभ्यास सेट होना चाहिए। उन छात्रों को सरल भाषा में और ज्यादा उदाहरण देकर समझाया जाना चाहिए।

छात्रों को प्रतिदिन लिखने का अभ्यास कराना चाहिए इसके लिए प्रतिदिन कम से कम चार पांच प्रश्नों के उत्तर लिखने को देना चाहिए। शिक्षक द्वारा छात्रों को उत्तर लिखने का तरीका बताया जाना चाहिए। संभव हो तो छात्रों को छोटे समूहों में चर्चा का अवसर उपलब्ध कराना चाहिए क्योंकि अगर एक छात्र दूसरे को समझाए तो सीखना तेज होता है। शिक्षक को मूल्यांकन के पहले वाले सप्ताह में प्रतिदिन कक्षा में मूल्यांकन हेतु 10 मिनट का एक छोटा जांच आयोजित करना चाहिए। इससे शिक्षक को पता चलेगा कि बच्चे कितना समझ रहे हैं।

शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करना चाहिए और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। छात्रों को को डाँटने के बजाय प्रोत्साहित करते हुए बताना चाहिए कि आपका मूल्यांकन केवल सीखने की जाँच है जहां आपको ग्रेड प्रदान किया जाएगा। शिक्षक को अभिभावकों से संपर्क कर बताना चाहिए कि वे घर पर भी छात्रों को पढ़ने हेतु प्रेरित करें। अगर शिक्षक विद्यालय में छात्रों की मूल्यांकन प्रक्रिया आरंभ होने के ठीक पहले सप्ताह में ऊपर दिए गए सुझावों के अनुरूप कार्य करते हैं तो विद्यालय में छात्रों की प्रगति जरुर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगी। तो आईए हम अपने विद्यालय में छात्रों को वार्षिक मूल्यांकन हेतु तैयार करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बढ़ायें।

..................✍️
मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

अनुभाग-8

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 05

## (इंटरमीडिएट के बाद – B.Tech (Bachelor of Technology/Engineering))

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपने इंटरमीडिएट (Physics, Chemistry, Mathematics) के साथ उत्तीर्ण किया है और तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो B.Tech (Bachelor of Technology) इंजीनियरिंग का सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित स्नातक कोर्स है। इसमें सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी आदि कई शाखाओं में विशेषज्ञता प्राप्त की जा सकती है।

अर्हता: 12वीं (PCM) विषयों के साथ उत्तीर्ण। सामान्यतः न्यूनतम 45–50% अंक आवश्यक होते हैं।

नामांकन प्रक्रिया: देश के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए National Testing Agency द्वारा आयोजित JEE Main परीक्षा देनी होती है। इसके आधार पर देशभर के NIT, IIIT तथा अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश मिलता है। JEE Main की जानकारी jeemain.nta.nic.in पर उपलब्ध है।

बिहार के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए Bihar Combined Entrance Competitive Examination Board के माध्यम से काउंसलिंग प्रक्रिया संचालित होती है।

मान्यता एवं संस्थान: इंजीनियरिंग कॉलेज का चयन करते समय यह सुनिश्चित करें कि संस्थान All India Council for Technical Education (AICTE) से मान्यता प्राप्त हो। बिहार में कई सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज तथा National Institute of Technology Patna जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी उपलब्ध हैं।

कोर्स अवधि: 4 वर्ष (8 सेमेस्टर)।

रोजगार की संभावना: इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए अनेक क्षेत्र उपलब्ध हैं—
आईटी एवं सॉफ्टवेयर कंपनियाँ, निर्माण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियाँ, बिजली एवं ऊर्जा क्षेत्र
ऑटोमोबाइल उद्योग, सरकारी सेवाएँ (SSC JE, PSU, रेलवे आदि)।

प्रारंभिक वेतन सामान्यतः ₹25,000–60,000 प्रतिमाह से शुरू हो सकता है, जो अनुभव और संस्थान के अनुसार बढ़ता है।

वित्तीय सहायता: बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए ₹4 लाख तक का ऋण उपलब्ध है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal (scholarships.gov.in) पर विभिन्न योजनाएँ उपलब्ध हैं।

विशेष सुझाव: इंजीनियरिंग शाखा का चयन करते समय अपनी रुचि, तकनीकी कौशल और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखें। साथ ही कॉलेज के प्लेसमेंट रिकॉर्ड और इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

अगले पत्र में हम मैट्रिक के बाद – आईटीआई (Fitter Trade) के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।
आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ। 🌟

..................✍️




**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org